# सत्र समापन अवसर पर माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय का उद्‌बोधन

**सोमवार 02 दिसम्बर, 2019**

- पंचम विधानसभा का चतुर्थ सत्र **25 नवम्बर** से **06 दिसम्बर 2019** के मध्य आहूत था, इस **शीतकालीन सत्र** अवधि में राज्य में स्थानीय निकाय के निर्वाचन की घोषणा पश्चात् उत्पन्न परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सत्र अवधि में सर्वसहमति से संशोधन का निर्णय लिया गया और आज इस **शीतकालीन सत्र** का अंतिम कार्य दिवस है, इस सत्र के समापन अवसर पर मैं सर्वप्रथम सदन के नेता, माननीय नेता प्रतिपक्ष, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (J) के नेता श्री धर्मजीत सिंह एवं बहुजन समाज पार्टी विधायक दल के नेता श्री केशव चंद्रा एवं समस्त माननीय सदस्यों के प्रति इस सत्र के सुव्यवस्थित संचालन में सहभागिता और सहयोग के लिये मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं।
- इस शीतकालीन सत्र में राज्य के विकास से जुड़े प्रत्येक महत्वपूर्ण विषयों पर आप सभी ने व्यापक, विस्तृत और परिणाम मूलक चर्चा की है । आप सभी ने ज्वलंत विषयों पर इस सत्र में पर्याप्त चर्चा को मूर्त रूप दिया है, इसके लिए मैं आप सबको हृदय से धन्यवाद देता हूँ।
- इस सत्र की उल्लेखनीय उपलब्धि यह भी है कि आप माननीय सदस्यों ने 26 नवम्बर को **संविधान दिवस** के अवसर पर संविधान पर केन्द्रित अपने विचारों को सदन में रखा, निश्चित ही इस परस्पर चर्चा से संविधान के विषय में हमारी जानकारी पहले से अधिक समृद्ध हुई है ।
- इस शीतकालीन सत्र की अवधि में दिनांक **28 नवम्बर 2019** को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर सभी माननीय सदस्यगणों ने सदन की कार्यवाही को छत्तीसगढ़ी में चलाने में सहयोग दिया, इसके लिए मैं आप सबके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ ।
- मुझे इस बात की हार्दिक प्रसन्नता है कि राजनैतिक प्रतिबद्धताओं के चलते प्रतिक्रियाओं में भले ही पक्ष–प्रतिपक्ष के आप माननीय सदस्यों के मत में भले ही विभिन्नता हो परंतु आप सभी की भावना छत्तीसगढ़ राज्य के विकास को समर्पित है, मेरा यह भी विश्वास है कि आप सभी अपनी राजनैतिक इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं से लोकहित और लोककल्याण को ज्यादा महत्व दिया है। आपकी इस भावना के लिये मैं आप सभी के प्रति हृदय से धन्यवाद देता हूं।
- पंचम विधान सभा के इस सत्र में महत्वपूर्ण विधेयकों के पारण के साथ वित्तीय अनुपूरक बजट का महत्वपूर्ण कार्य संपादित हुआ ।
- इस सत्र में उपाध्यक्ष के पद हेतु निर्वाचन हुआ जिसमें मान. सदस्य श्री मनोज मंडावी उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए हैं, मैं उन्हें मेरी ओर से एवं इस सदन की ओर से बधाई देता हूँ एवं आशा करता हूँ कि उनका सदन के सुचारू संचालन में सहयोग प्राप्त होगा ।
- अब मैं आपको इस शीतकालीन सत्र में सम्पादित हुए संसदीय कार्यों का संक्षेप में सांख्यिकीय आंकड़ों से अवगत कराना चाहूँगा।

इस सत्र की कुल 6 बैठकों में लगभग 30 घंटे चर्चा हुई। इस सत्र में तारांकित प्रश्नों की 788 एवं अतारांकित प्रश्नों की 684 इस प्रकार कुल 1472 प्रश्नों की सूचनाएँ प्राप्त हुईं जिसमें से 40 प्रश्नों पर सभा में अनुपूरक प्रश्न पूछे गये । ध्यानाकर्षण की कुल 260 सूचनाएं प्राप्त हुई, जिनमें से 74 सूचनाएं ग्राह्य हुईं और 61 सूचनायें शून्यकाल

सूचना में परिवर्तित की गई। स्थगन की कुल 63 सूचनाएं प्राप्त हुई, जिसमें से एक विषय से संबंधित 16 सूचनाओं को ग्राह्य कर चर्चा करायी गयी एवं एक विषय से संबंधित 14 सूचनाओं को सदन में पढ़ने एवं शासन का वक्तव्य सुनने के पश्चात् अग्राह्य किया गया । शून्यकाल की 85 सूचनाएँ प्राप्त हुईं जिसमें से 70 सूचनाएं ग्राह्य और 15 सूचनाएं अग्राह्य रही। माननीय सदस्यों द्वारा 96 याचिकायें प्रस्तुत की गई, जिनमें से 24 ग्राह्य रही।

- इस सत्र में विनियोग विधेयक सहित 8 विधेयकों की सूचनाएं प्राप्त हुई और सभी चर्चा उपरांत पारित हुए। वित्तीय कार्यों के अन्तर्गत द्वितीय अनुपूरक अनुमान पर 2 घंटे 50 मिनट चर्चा हुई ।
- सत्रकाल में माननीय सदस्यों ने पुस्तकालय, संदर्भ एवं अनुसंधान सेवा का भी अपने संसदीय दायित्वों के निर्वहन में उपयोग किया तथा सभा के कार्य के संबंध में माननीय सदस्यों को पुस्तकालय से विभिन्न विषयों पर 65 साहित्य एवं संदर्भ सामग्री भी उपलब्ध करायी गई ।
- प्रदेश की सर्वोच्च प्रजातांत्रिक संस्था छत्तीसगढ़ विधान सभा के कार्यकरण से सीधे तौर पर आम जनता को अवगत कराने के उद्देश्य से सदन की कार्यवाही के अवलोकन हेतु आम नागरिकों को अवसर देती है। इस तारतम्य में विभिन्न शासकीय/अशासकीय संस्थाओं, जनप्रतिनिधि संस्थाओं के लगभग 4870 लोगों ने एवं 1430 छात्र–छात्राओं ने इस सत्र में सदन की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा 21400 लोगों ने विधान सभा की वेबसाईट का अवलोकन किया ।
- मैं इस अवसर पर उपाध्यक्ष सहित सभापति तालिका के माननीय सदस्यों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने सभा की कार्यवाही के संचालन में मुझे सहयोग दिया। मैं सम्माननीय पत्रकार साथियों तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने सदन की कार्यवाही को बड़ी गंभीरता से प्रचार माध्यमों में प्रमुखता से स्थान देकर प्रदेश की जनता को सभा में सम्पादित कार्यवाही से अवगत कराया।
- इस शीतकालीन सत्र समापन के अवसर पर राज्य शासन के नवनियुक्त मुख्य सचिव सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देता हूं, सुरक्षा व्यवस्था में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी बधाई देता हूं जिन्होंने सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था इस शीत सत्र के दौरान कायम रखी। मैं विधान सभा के प्रमुख सचिव सहित सचिवालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी प्रशंसा करता हूं, जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण कुशलता एवं निष्ठा के साथ किया।
- सत्र समापन अवसर पर आगामी सत्र की तिथियों की घोषणा की परंपरा रही है तत्संबंध में यह अनुमान है कि पंचम विधानसभा का बजट सत्र फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में आहुत होने की संभावना है।
- आने वाले नये वर्ष की मैं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूँ और आप सभी से यह सादर आवाहन करता हूँ कि आईये हम सब मिलकर अपने छत्तीसगढ़ राज्य को समग्र उन्नति के शीर्ष पर पहुंचाने का पुनीत संकल्प लें।

**धन्यवाद !**

**जय–हिन्द, जय–छत्तीसगढ़ !**